AMAR UJALA

Page No. 07 (Gzb.) Date 20 June 2019

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में डेंटिस्ट्री डे मनाया



गाजियाबाद। मुरादनगर स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज (आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप) में बुधवार को नेशलन पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री डे का आयोजन किया गया। इस मौके पर कॉलेज के डॉक्टरों ने ढिडोली में शिविर लगाया और ओरल हेल्थ चेकअप किया। इस अवसर पर ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्डा और वाइस चेयरमैन अर्पित चड्डा ने सामान्य और मौखिक स्वास्थ्य के महत्व पर विचार व्यक्त कियए। उन्होंने बताया कि कैसे आईटीएस हमेशा से किफायती रेट पर उच्च गुणवत्ता वाले उपचार के साथ रोगियों के लाभ के लिए काम कर रहा है। आईटीएस समुदाय की मौखिक स्वास्थ्य आवश्यकताओं के रिकार्ड भी रखता है। कॉलेज का उद्देश्य दंत चिकित्सा में ज्यादा से ज्यादा योगदान देना है।

Nav Bharat Times (Hindi)

Page.No. 02 (Gzb.) Date. 20 June 2019

# दांतों को स्वस्थ रखने के दिए टिप्स

एनबीटी न्यूज, मेरठ रोडः आईटीएस डेंटल कॉलेज में बुधवार को नैशनल पब्लिक हेल्थ डेंडिस्ट्री डे का आयोजन किया गया। इस मौके पर दांतों को स्वस्थ रखने के टिप्स दिए गए। कॉलेज की ओर से ढिडोली में शिविर लगाकर ओरल हेल्थ चेकअप किया गया और उपचार भी बताए गए। हर मरीज की कैंसर की जांच भी हुई। रोगियों की दांतों की सफाई करने के साथ दांतों में मसाला भी भरा गया। डॉक्टरों ने इस दौरान दांतों को स्वस्थ रखने के टिप्स भी दिए।